इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन पर सुविधाओं में सुधार

1003. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन पर यात्रियों और निजी/सरकारी/विदेशी एयरलाइनों हेतु सुविधाओं में सुधार करने के लिए इस समय शुरू किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उपर्युक्त प्रत्येक कार्य को पूरा करने के लिए क्या समय सीमा निर्धारित की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) सूचना संलग्न विवरण-पत्र में दी गई है ।

विवरण

क्र.सं.	कार्य का स्वरूप	परियोजना लागत (करोड़ रुपयों में)	पूरा होने की निर्धारित तारीख
1	हवाई टैक्सी प्रचालकों, इत्यादि के लिये हैंगर सौध और एप्रन का निर्माण	6.98	दिसम्बर, 1995
2	कारगो परिसर पर सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण	1.44	मई, 1995
3	इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अतिरिक्त कारगो वे का निर्माण	3.66	निविदायें 30-3-1995 को देय । पूरा होने की प्रायोजित तारीख दिसम्बर, 1996 है ।
4	अतिरिक्त चार रिमोट पार्किंग का निर्माण	6.75	निविदायें आमंत्रित, पूरा होने की प्रायोजित तारीख अप्रैल, 1997 ।
5	इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अन्तरराष्ट्रीय टर्मिनल परिसर चरण-2 का निर्माण	500.00	व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की जा रही है ।
6	बहु-स्तरीय कार पार्क का निर्माण	2.00	स्कीम तैयार की जा रही है ।

सुविधा प्रदायी उपकरण

1. विमान आपातकाल के दौरान प्रयोग के लिए कमांड पोस्ट उपकरण की शुरुआत करना---मार्च, 1996

2. भारत अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रत्येक हवाई अड्डे पर उच्च क्षमता जल टेंडर की शुरुआत करना (16000 लिटर क्षमता वाले)---मार्च, 1996

3. नये डिजाइन वाली निःशुल्क यात्री सामान ट्रॉलियों में वृद्धि मार्च, 1996

4. टर्मिनल भवन में प्रयोग के लिए बैटरी चालित सफाई उपस्करों का शुरुआत करना---मार्च, 1996

5. प्रतिस्थापन/नये उपस्कर के योग के रूप में रंगीन एक्स-रे सामान निरीक्षण प्रणाली की व्यवस्था करना---मार्च, 1996

6. इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर आगंतुकों के लिए उड़ान सूचना के लिए अतिरिक्त सिपलट फ्लैप डिस्पले बोर्ड की व्यवस्था---अप्रैल, 1995

7. इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 के लिए निगरानी सूक्ष्म सर्किट टेलीविजन की व्यवस्था---अप्रैल, 1995

8. कारगो कॉम्प्लेक्स, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए अतिरिक्त कारगो उपस्कर की व्यवस्था---मार्च, 1995

9. वर्तमान पार्किंग स्टैंड को पुनः व्यवस्थित करके 6-7 अतिरिक्त पार्किंग स्टैंडों को तैयार करना---मई, 1995

10. हवाई टैक्सी प्रचालनों की सुविधा और यात्री सुविधाओं में सुधार करने के लिए टर्मिनल लाबी में परिवर्धन करना। योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रस्ता

1004. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 में और आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु स्वीकृत किये गये और कार्यान्वित किए जा रहे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) कार्यान्वित की जाने वाली योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) प्रत्येक योजना हेतु कितनी धनराशि मजूर की गई है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ग) केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने 1994-95 के दौरान मध्य प्रदेश में औरछा उत्सव के आयोजन के लिए 3.10 लाख रु० की वित्तीय सहायता दी है। मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के बकाया वर्षों के लिए केन्द्रीय सहायता हेतु कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।

Appointment of general sales agents by Air India

1005. SHRI S. S. AHLUWALIA Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Air Indi have been appointing general sales agent (GSAS) in various countries;

(b) rate of remuneration, if any, am other financial gains such as GSAS O Air India are normally eligible te earn;

(c) criteria for appointment of GSA and procedure of their selection am appointment.